# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## :: आदेश ::

इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांकः 21.01.15 के द्वारा समस्त राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के लिए विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति (SDMC) तथा कक्षा 1–8 तक के लिये विद्यालय प्रबन्धन समिति (SMC) के गठन के आदेश जारी किये गये हैं। इन आदेशों के अनुसार विद्यालय प्रबन्धन समिति द्वारा कक्षा 1–8 तक की कक्षाओं में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ–साथ सर्व शिक्षा अभियान तथा मिड–डे–मील की राशि की प्राप्ति व व्यय का लेखा जोखा पृथक् से संधारित किया जायेगा। विद्यालय प्रबन्धन समिति का गठन पूर्व प्रदत्त आदेशों के अनुसार ही होगा।

माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9–12 के विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार एवं विद्यालय भवन के विकास सम्बन्धी कार्य विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति (SDMC) द्वारा किये जायेंगे। इसके साथ ही RMSA से प्राप्त अनुदान, विकास शुल्क एवं अन्य प्राप्त होने वाली राशियों का लेनदेन/ लेखा–जोखा इस समिति द्वारा संधारित किया जायेगा। विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति (SDMC) तथा अन्य उप–समितियों के गठन हेतु संरचना एवं इनके दायित्व शासन की स्वीकृति क्रमांक : प.17(22)शिक्षा–1/2016, जयपुर दिनांक 01.07.2016 के क्रम में आंशिक संशोधनोपरान्त एतद् द्वारा निर्धारित किए जाते हैं :–

1. School Development and Management Committee (SDMC) की कार्यकारिणी समिति की सरंचना (RMSA गाइडलाईन के अनुसार) :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक | अध्यक्ष |
| 2. | अभिभावकों में से एससी/एसटी समुदाय के प्रतिनिधि | 2 सदस्य |
| 3. | अभिभावकों में से महिला प्रतिनिधि | 2 सदस्य |
| 4. | अभिभावकों में से अन्य प्रतिनिधि | 2 सदस्य |
| 5. | सामाजिक विज्ञान का अध्यापक प्रतिनिधि | 1 सदस्य |
| 6. | विज्ञान का अध्यापक प्रतिनिधि | 1 सदस्य |
| 7. | गणित का अध्यापक प्रतिनिधि | 1 सदस्य |
| 8. | पंचायत/शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि सदस्य | 2 सदस्य |
| 9. | ऑडिट व वित्त विभाग का एक व्यक्ति (संस्था का लेखा कार्मिक) प्रतिनिधि | 1 सदस्य |
| 10. | शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधि | 1 सदस्य |
| 11. | महिला समूहों में से प्रतिनिधि सदस्य | 1 सदस्य |
| 12. | ग्राम शिक्षा विकास समिति का सदस्य/शिक्षा विद् | 1 सदस्य |
| 13. | विज्ञान, मानविकी एवं कला/संस्कृति/क्राफ्ट की पृष्ठभूमि वाले (जिला परियोजना समन्वयक द्वारा मनोनीत ) प्रतिनिधि | 1 सदस्य |
| 14. | जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मनोनीत अधिकारी | 1 सदस्य |
| 15. | विद्यार्थी प्रतिनिधि | 2 सदस्य |
| 16. | विधायक प्रतिनिधि | 2 सदस्य |
| 17. | प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा नामित मुख्य शिक्षक(हेड टीचर)(वरिष्ठतम व्याख्याता–उमावि में/वरिष्ठतम वरिष्ठ अध्यापक–मावि में) | सदस्य सचिव |
| | कुल सदस्य | 23 सदस्य |